मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, किसान भवन , अरेरा हिल्स, भोपाल – 462004

वेबसाइट : www.mandiboard.gov.in ईमेल : - enammpsamb@gmail.com दूरभाष : - 0755-2554076

क्रमांक/ बोर्ड/रा०कृ०बा०/2018-19/ई-12/पार्ट-1/56 भोपाल, दिनांक :- 25/05/2019

प्रति,

सचिव

कृषि उपज मंडी समिति ....(समस्त)

जिला .... (म०प्र०)

विषय :- राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) योजना के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय कृषि बाज़ार योजना के अंतर्गत प्रदेश की 58 ई नाम मंडियों में "राष्ट्रीय कृषि बाज़ार" योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक मंडी में ई-नाम प्रभारी (सहायक उप निरीक्षक) एवं आवश्यकतानुसार मानव संसाधन (ग्रेडर एवं ऑपरेटर) उपलब्ध कराए गये है। ई-नाम मंडियों द्वारा किये जा रहे कार्य की समीक्षा भारत सरकार एवं मुख्यालय स्तर पर भी की जाती है। समीक्षा के दौरान प्रायः देखा गया है की मंडियों के ई-नाम प्रभारी द्वारा दूरभाष एवं मंडियों के ई-नाम व्हाटस-एप्प ग्रुप पर जानकारी दी जा रही है कि सचिव महोदय के आदेशानुसार ई-नाम के लिए उपलब्ध कराए गये मानव संसाधन (ऑपरेटर एवं ग्रेडर) को मंडी के अन्य योजनाओं में लगा दिया गया है, जिससे की ई-नाम कार्य निरंक हो रहा है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर योजनान्तर्गत राज्य के प्रदर्शन में गिरावट आ रही है।

चूंकि अन्य योजनाओ के लिए अलग से मानव संसाधन उपलब्ध कराए गये है, अतः भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर की योजना "राष्ट्रीय कृषि बाज़ार" के सफल क्रियान्वयन हेतु आपको निर्देशित किया जाता है कि ई-नाम प्रभारी एवं ई नाम के लिए उपलब्ध कराए गये मानव संसाधन (ऑपरेटर एवं ग्रेडर) को ई नाम कार्य में लगाये जाने को प्राथमिकता दी जाए।

(प्रबंध संचालक महो. द्वारा आदेशित)

25/05/19

संयुक्त संचालक (ई-नाम)
मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल।

क्रमांक/ बोर्ड/रा०कृ०बा०/2018-19/ई-12/पार्ट-1/57 भोपाल, दिनांक :- 25/05/2019

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सहायक प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2. संयुक्त / उप संचालक म०प्र०राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय .... ।
3. सचिव, समस्त कृषि उपज मंडी समिति ....

25/05/19

संयुक्त संचालक (ई-नाम)
मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल।